2568
20/09/2024

झारखण्ड सरकार

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

## संकल्प

**विषयः झारखण्ड राज्यान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के नियंत्रणाधीन छात्रावास निर्माण, संचालन एवं प्रबंधन हेतु गठित झारखण्ड अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति/अल्पसंख्यक छात्रावास पोषण योजना, 2024 में संशोधन के संबंध में।**

विभागीय संकल्प सं०–671, दिनांक 11.03.2024 द्वारा झारखण्ड राज्यान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के नियंत्रणाधीन छात्रावास निर्माण संचालन एवं प्रबंधन हेतु झारखण्ड अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति/अल्पसंख्यक छात्रावास पोषण योजना, 2024 का गठन किया है।

2. उक्त योजना अन्तर्गत छात्रावासों का संचालन/प्रबंधन गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से किया जाना है। समीक्षा उपरांत उक्त योजना अन्तर्गत छात्रावासों का संचालन/प्रबंधन हेतु विकल्पों की उपलब्धता को विस्तारित किये जाने की आवश्यकता महसूस हो रही है।

3. उक्त योजना अन्तर्गत छात्रावासों के संचालन/प्रबंधन हेतु और अधिक विकल्प उपलब्ध हों, इसके लिये विभागीय संकल्प सं०–671, दिनांक 11.03.2024 की कण्डिका–3.14 अन्तर्गत अंकित "गैर सरकारी संस्थाओं"/"गैर सरकारी संस्था"/"गैर सरकारी संस्थान"/"संस्थान" को "गैर सरकारी संस्था (सोसाईटी पंजीकरण अधिनियम 1860)/कम्पनीज़ एक्ट 2013/इण्डियन ट्रस्ट एक्ट के तहत पंजीकृत संस्था/राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के तहत सृजित स्वयं सहायता समूह" से प्रतिस्थापित किया जाता है।

4. उक्त पर मंत्रिपरिषद् की दिनांक 06.09.2024 को संपन्न बैठक में मद सं०–02 के रूप में स्वीकृति प्राप्त है।

(कृपा नन्द झा)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–10/छा०स्थापना (नियमावली)–01/2022 - 2568 राँची, दिनांक 20/09/2024

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(कृपा नन्द झा)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–10/छा०स्थापना (नियमावली)–01/2022 - 2568 राँची, दिनांक 20/09/2024

प्रतिलिपिः– माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड के प्रधान सचिव/माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(कृपा नन्द झा)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–10/छा०स्थापना (नियमावली)–01/2022- 2568 राँची, दिनांक 20/09/2024

प्रतिलिपिः– उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय/सभी अपर मुख्य सचिव/सभी प्रधान सचिव/सभी सचिव, झारखण्ड/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/आदिवासी कल्याण आयुक्त/सभी उपायुक्त/सभी वरीय पुलिस अधीक्षक/सभी पुलिस अधीक्षक/सभी उप विकास आयुक्त/सभी उप निदेशक, कल्याण/सभी परियोजना निदेशक, ITDA/सभी जिला कल्याण पदाधिकारी/सभी विशिष्ट पदाधिकारी, पहाड़िया कल्याण, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(कृपा नन्द झा)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–10/छा०स्थापना (नियमावली)–01/2022 -2568 राँची, दिनांक 20/09/2024

प्रतिलिपिः– अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, डोरण्डा, राँची/विभागीय नोडल पदाधिकारी, ई–गज़ेट को इसे झारखण्ड गजट के अगले असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के अनुरोध के साथ प्रेषित।

(कृपा नन्द झा)
सरकार के सचिव।